
माता का दरबार

दरबार में रखे 32 कलश, 03 घी और 29 तेल के कलश

# मनचाहा वर देती है नक्खी माई, पाषाण प्रतिमा को देखकर मंत्रमुग्ध हो जाते है भक्त

**मंडला 25 सितंबर नभाप्र.** जिला मुख्यालय से उत्तर दिशा में लगभग 20 किमी की दूरी पर मंडला निवास मार्ग में बसे ग्राम बकौरी में 17 वीं शताब्दी में एक पहाड़ी के ऊपर नक्खी माता स्वयं प्रगट हुई थी। ऐसा ग्राम के बुजुर्ग बताते है। नक्खी माता के पास शीतला माई, खैरमाई, कालभैरव का भी स्थान है। नक्खी माता के दरबार में मांगी गई मुरादें अतिशीघ्र पूरी होती है। मंदिर की विशेषता यह है कि पहाड़ी में होने के बाद यहां श्रृद्धालु अपने वाहन से मंदिर तक पहुंच जाते है।

मां नक्खी माता का दरबार जहां दूर दूर से माता के दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहता है। मान्यता है कि भक्तों ने बताया कि हमने माता के दरबार में जो भी मन्नत मांगी थी और वो पूरी हुई है, इसीलिए हम लोग माता के दरबार से जुड़े हैं। हमेशा हम माता के दरबार में आते हैं। नक्खी माता मंदिर समिति ने बताया कि यहां हर राज्य से लोग दर्शन के लिए आते हैं।



भक्तों द्वारा जो भी मन्नत माता के दरबार में मांगी जाती है नक्खी माता सभी भक्तों की हर मनोकामना पूरी करती हैं

माता के भक्त नितिन साहू ने बताया कि जब गांव में संकट आया तो माता ने भी गांव वालों को सावधान किया था। मंदिर की ख्याति दूर दूर तक फैली है। जब से गांव में माता विराजमान है कभी भी गांव के ऊपर संकट के बादल नहीं छाए है। माता की पाषाण प्रतिमा जिसे देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो जाते है। श्रृद्धालुओं के मंदिर प्रांगण में पहुंचते ही उन्हें मानसिक सुख का अनुभव होता है और श्रृद्धालु इसी विश्वास से माता से मन्नत मांगते है। जिनकी मन्नत पूरी होती है। यही कारण है कि नक्खी माता के पास दूर शहरों से भी लोग मन्नत मांगने दौड़े चले आते है।

### वर्ष भर होते है आयोजन

वैसे तो पूरे वर्ष माता की पूजा अर्चना में पूरे ग्राम के लोग एकत्र होते है लेकिन चैत्र व शारदेय नवरात्र में जवारे कलश के साथ माता की विशेष पूजा अर्चना व माता का श्रृंगार किया जाता है। साल भर यहां भक्त अपनी मनोकामना पूरी होने पर माता के दरबार में धार्मिक आयोजन और भंडारा कराते है।

### कभी नहीं पहुंचे दरबार फिर भी आस्था

नक्खी माई के भक्त प्रहलाद साहू ने बताया कि नक्खी माई के प्रति लोगों में बहुत आस्था है। यहां आने वाले हर श्रृद्धालुओं की मुराद पूरी है। सच्चे मन से माता के दरबार में जो भी भक्त अर्जी लगाता है, वह पूरी होती है। वहीं कुछ ऐसे भी नक्खी माई के भक्त है, जो कभी माता के दरबार नहीं आए, फिर भी उनकी आस्था नक्खी माई के प्रति बहुत है। बताया गया कि उत्तरप्रदेश और बिहार के कुछ भक्त माता के प्रति बहुत ही आस्था रखते है। ये कभी माता के दरबार नहीं आए है, फिर भी माता के दरबार में इनके नाम के जवारे, कलश की रखे जाते है। ये भक्त ऑनलाईन के माध्यम से माता के दरबार के लिए स्थानीय लोगों से संपर्क कर माता के लिए भेट पहुंचाते है।



### 32 कलश की स्थापना

जानकारी अनुसार इस वर्ष नक्खी माई के दरबार में अलग-अलग क्षेत्र, जिला और राज्य के भक्तों द्वारा दरबार में 32 कलश की स्थापना कराई है। ग्राम बकौरी की पहाड़ी में विराजी माता नक्खी माई के दरबार में चैत्र मास की नवरात्रि में जवारें रखे जाते है, वहीं शारदये नवरात्र में कलश की स्थापना की जाती है। इस बार भी 32 कलश माता के दरबार में रखे गए है। जिसमें तीन कलश घी के और 29 कलश तेल के रखे गए है। पूरे नवरात्र माता के दरबार में धार्मिक आयोजन के साथ महाआरती की जा रही है।

# डीपीसी पत्नी सहित 60 हजार रूपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ धराए

## स्कूल की सील खोलने के लिए डीपीसी और एपीसी ने मांगी थी रिश्वत



**मंडला 25 सितंबर नभाप्र.** जिला मंडला के शिक्षा विभाग में गुरूवार को आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ जबलपुर की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जिला परियोजना समन्वयक अरविंद विश्वकर्मा, उनकी पत्नी आरती विश्वकर्मा और सहायक परियोजना समन्वयक अवधेश नारायण पाण्डेय को 60 हजार रूपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा है। यह मामला कैकया ग्राम स्थित विद्या निकेतन स्कूल में बिल्डिंग निर्माण कार्य से जुड़ा है। बताया गया है कि स्कूल संचालक रविकांत नंदा से निर्माण कार्य पूर्ण होने का प्रमाण पत्र देने के एवज में डीपीसी अरविंद विश्वकर्मा ने एक लाख बीस हजार रुपए की रिश्वत की मांग की थी। जिसके बाद ईओडब्ल्यू ने कार्रवाई करते हुए रंगेहाथ पकड़ा है।

बताया गया कि पीड़ित आवेदक की शिकायत के आधार पर ईओडब्ल्यू ने कार्रवाई की योजना बनाई। स्कूल संचालक रविकांत नंदा पहले ही डीपीसी को 50 हजार रुपए दे चुके थे। गुरुवार को दूसरी किस्त के रूप में 60 हजार रुपए दिए जाने थे। रिश्वत की यह राशि रिलायंस पेट्रोल पंप बिंझिया के पास दी जानी थी। जैसे ही रविकांत नंदा ने यह राशि अरविंद विश्कर्मा को दी, अरविंद विश्कर्मा ने तुरंत रुपयों का पैकेट अपनी पत्नी को रखने के लिए कहा। इसी दौरान पहले से तैयार ईओडब्ल्यू की टीम ने घेराबंदी कर ली और अरविंद विश्कर्मा को रंगे हाथों दबोच लिया। उनकी पत्नी भी इस कार्रवाई के घेरे में आ गई हैं।



### स्कूल की रिपोर्ट देने के लिए मांगी थी रिश्वत

बताया गया कि यह कार्रवाई शिकायतकर्ता रविकांत नंदा निवासी ग्राम ककैया बिछिया की शिकायत पर की गई। प्रार्थी का विघा निकेतन स्कूल ककैया जर्जर भवन के कारण सील कर दिया गया था। स्कूल की मरम्मत के बाद उसे दोबारा खोलने के लिए डीपीसी से पक्ष में रिपोर्ट मांगी गई थी। इसी रिपोर्ट को देने के एवज में डीपीसी अरविंद विश्वकर्मा और एपीसी अवधेश नारायण पाण्डेय ने प्रार्थी से 1 लाख 20 हजार रूपए की रिश्वत की मांग की थी। जिसकी दूसरी किस्त 60 हजार रूपए देना था। शिकायत का सत्यापन होने के बाद ईओडब्ल्यू ने रिलायंस पेट्रोल पम्प मंडला पर ट्रैप बिछाया। कार्रवाई के दौरान डीपीसी अरविंद विश्वकर्मा ने रिश्वत की रकम अपनी पत्नी आरती विश्वकर्मा के माध्यम से ली। बताया गया कि जैसे ही डीपीसी विश्कर्मा की पत्नी ने पैकेट लिया, ईओडब्लू की टीम ने दबिश देकर दोनों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। टीम द्वारा पंप के सीसी टीवी कैमरे रिकार्ड के साथ कार्यालय से अहम दस्तावेज जब्त किए है। ईओडब्लू की टीम के डीएसपी स्वर्णजीत सिंह धामी एवं टीम शामिल रही। ईओडब्लू की टीम ने तीनो के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा के तहत मामला दर्ज कार्रवाई की है।

# पड़ोसी से विवाद, वृद्ध महिला का सिर फूटा, गंभीर हालत में जबलपुर रेफर

नारायणगंज डायल 112 की तत्परता से 60 वर्षीय वृद्धा को मिला उपचार

नारायणगंज के ग्राम मंगलगंज की घटना



**मंडला 25 सितंबर नभाप्र.** नारायणगंज के थाना टिकरिया के अंतर्गत ग्राम मंगलगंज नारायणगंज में आपसी विवाद के चलते 60 वर्षीय वृद्ध महिला पर उसके पड़ोसी ने लाठी से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। बताया गया कि घायल दयालो बाई पति कलुआ यादव 60 साल निवासी ग्राम मंगलगंज पर उनके पड़ोसी समर लाल मरावी ने लाठी से हमला कर दिया, जिससे उनके सिर पर गंभीर चोट आई। घटना की जानकारी तत्काल डायल 112 को दी गई। सूचना मिलते ही डायल 112 स्टाफ रामरतन मसकरे और पायलेट अशोक यादव तुरंत मौके पर पहुँचे। डायल स्टाफ ने बिना देरी किए घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणगंज उपचार के लिए पहुँचाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वृद्ध महिला का तत्काल उपचार किया गया, जहाँ उनके सिर में करीब 10 टांके लगाए गए। हालाँकि चोट की गंभीरता को देखते हुए चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद वृद्ध महिला दयालो बाई को जबलपुर मेडिकल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने इस मामले में शिकायत दर्ज कर ली है और आगे की आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। डायल 112 स्टाफ की तत्परता से घायल महिला को समय पर उपचार मिल सका।

## आज सकवाह में देवी जागरण, पूजा गोलहानी करेंगी शिरकत

**मंडला 25 सितंबर नभाप्र.** आज 26 सितंबर को नवरात्रि पर्व के अवसर पर जिले के ग्राम सकवाह में विशाल देवी जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आयोजित देवी जागरण में धर्म और भक्ति का संगम देखने को मिलेगा। देवी जागरण कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध भजन गायिका पूजा गोलहानी अपनी मधुर आवाज से माता रानी का गुणगान करेंगी। उनका गायन इस धार्मिक आयोजन का मुख्य आकर्षण होगा। इस कार्यक्रम के आयोजक श्री सूर्यकुंड धाम महाआरती भंडारा समिति मंडला के सदस्यों ने बताया कि उन्हें माँ शारदा की असीम कृपा से यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है कि वे माता रानी का जागरण आयोजित कर रहे हैं। उन्होंने सभी धर्मप्रेमी से विनम्र आग्रह किया है कि वे इस धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

# भैंस को बचाने कार पेड़ से टकराई, वाहन चालक घायल

कार को कटर मशीन से काटकर चालक को निकाला बाहर

गंभीर घायल युवक जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर







**मंडला 25 सितंबर नभाप्र.** नारायणगंज क्षेत्र के मैली से बबलिया मार्ग में एक ओमनी कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन चालक वाहन में ही बुरी तरह फंस गया। हादसा होते ही आसपास के लोग घटना स्थल पहुंचे और वाहन चालक को बाहर निकालने का प्रयास किया गया। वहीं तत्काल 112 डायल को सूचना दी गई। बिना समय गवाए डायल कर्मी मौके पर पहुंचे। जहां ग्रामीणों की मदद और कटर मशीन की सहायता से वाहन को काटकर फंसे वाहन चालक को बाहर निकाला गया।

जानकारी अनुसार गुरूवार को दोपहर करीब 3.30 बजे नारायणगंज के मैली चौराहे से लगभग 200 मीटर अंदर मैली, बबलिया मार्ग पर एक ओमनी वाहन मैली की तरफ से नारायणगंज मैली चौराहे की तरफ आ रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वाहन चालक मैली चौराहा की तरफ जा रहा था, इसी दौरान अचानक उसके वाहन के सामने एक भैस आ गई, जिसे बचाने के चक्कर में वाहन चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया और ओमनी कार क्रमांक एमपी 20 बीए 5261 एक पेड़ से टकरा गई। इस हादसे की जानकारी स्थानीय लोगों ने डायल 112 को दी। सूचना मिलते ही डायल 112 एफआरव्ही की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। बताया गया कि ओमनी वाहन चालक अनिल कुमार पिता रवि कुमार साहू 30 वर्ष शंकरगंज नारायणगंज निवासी है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक अनिल कुमार वाहन के अंदर ही बुरी तरह से फंस गए। हादसे के बाद घटना स्थल पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। जहां वाहन में फंसे चालक को निकालने का प्रयास शुरू किया गया। नारायणगंज टिकरिया पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### कटर मशीन से काटकर निकाला बाहर

बताया गया कि डायल 112 के स्टाफ ने स्थानीय ग्रामीणों की मदद से तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। वहीं युवक वाहन में बुरी तरह फंसा हुआ था और दरवाजा खोलना संभव नहीं था, इसलिए टीम ने एक कटर मशीन का उपयोग करके कार के हिस्से को काटा। बड़ी मशक्कत के बाद गंभीर रूप से घायल अनिल कुमार को कार से बाहर निकालने में सफलता मिली। जिसे तत्काल नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणगंज उपचार के लिए ले जाया गया।

### घायल जबलपुर रेफर

घायल अनिल कुमार के दोनों पैरों और हाथों में गंभीर चोटें आई थीं। तत्काल डायल 112 के स्टाफ ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणगंज पहुंचाया। वहाँ के चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें तुरंत जबलपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। घायल को बाहर निकालने और अस्पताल पहुंचाने में डायल 112 के कर्मचारी रामरतन मसकरे, सुरेन्द्र ठाकुर और पायलट नंदकिशोर मार्को समेत स्थानीय ग्रामीणों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सहायक उपकरण चिन्हांकन शिविर का आयोजन

**मंडला 25 सितंबर नभाप्र.** सेवा पखवाड़ा अंतर्गत दिव्यांगजन एवं वरिष्ठजन के सहायक उपकरण चिन्हांकन शिविर का आयोजन एएनएम ट्रेनिंग सेंटर मंडला में किया गया। एडिप योजना अंतर्गत 43 दिव्यागजनों का 80 सहायक उपकरणों एवं वयोश्री योजना अंतर्गत 40 वरिष्ठजनों का 179 विभिन्न सहायक के लिए चिन्हांकन किया गया। कार्यक्रम में एलिम्को टीम जबलपुर, सामाजिक न्याय विभाग से सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र मंडला स्टॉफ जिला अस्पताल मंडला टीम ने चिन्हांकन किया।

# नैनपुर रेलवे कॉलोनी में पेयजल संकट से हाहाकार



अधिकारी के जवाब से भड़के रेलकर्मी परिजन

अधिकारी ने कहा, क्वार्टर खाली कर किराए पर चले जाओ

**नैनपुर 25 सितंबर नभाप्र.** एक ओर जहां रेल मंत्रालय अमृत भारत योजना के तहत करोड़ों रुपये बहा रहा है, वहीं नागपुर डिवीजन के अंतर्गत आने वाले नैनपुर में रेलवे कालोनी के वार्ड नंबर 12, 5 और 13 में भीषण पेयजल संकट बना हुआ है। वर्षों पुरानी और जर्जर पाइपलाइनों के कारण रेल कर्मचारी परिवार गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। समस्या का समाधान न होने पर रेलवे क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने सामूहिक रूप से सहायक मंडल अभियंता कार्यालय का घेराव कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। महिलाओं ने बताया कि यह समस्या एक महीने से बनी हुई है। इस संबंध में रेलवे के महाप्रबंधक को भी लिखित में अवगत कराया गया था, जिसके बाद उन्होंने अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के आदेश दिए थे, बावजूद इसके समस्या बनी हुई है। महिलाओं की शिकायत सुनने के बाद सहायक मंडल अभियंता ने बेहद असंवेदनशील जवाब दिया। अधिकारी सहायक मंडल अभियंता ने कहा कि सुधार कार्य में अभी एक महीना और लगेगा और जिन्हें दिक्कत हो रही है, वे लिखकर दे दें और जर्जर क्वार्टर खाली करके किराए के मकान में रहने चले जाएँ। इस गैर जिम्मेदाराना जवाब से रेलकर्मियों के परिजन बेहद नाराज हो गए हैं। स्थानीय लोगों ने उच्च अधिकारियों से इस लापरवाही पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

# माँ कूष्मांडा की कृपा से होते हैं सारे कष्ट दूर : पवन शास्त्री

## बबलिया माल में देवी भागवत पुराण में उमड़ा जनसैलाब, सेवा और कर्म योग को बताया मोक्ष का साधन

**बबलिया 25 सितंबर नभाप्र.** सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति बबलिया माल द्वारा नवरात्रि के पावन पर्व पर ग्राम में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत पुराण के चौथे दिन पुराण वाचक पंडित पवन शास्त्री महाराज ने माँ कूष्मांडा देवी की महिमा का विस्तार से वर्णन किया। पंडित पवन शास्त्री ने कथा के दौरान कहा कि जो भक्त सच्चे मन से माता रानी की आराधना एवं पूजन करते हैं, माँ कूष्मांडा की कृपा से उनके सारे कष्ट दूर हुआ करते हैं। उन्होंने नौ देवियों की महिमा बताते हुए यह भी कहा कि माता रानी का पूजन करने वाले सभी भक्तों की सर्व मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।





कथा का रसपान करने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। इसी क्रम में पंडित पवन शास्त्री ने सेवा भावना के महत्व और मोक्ष प्राप्ति के साधन पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि माता-पिता की सेवा और दीन-हीन एवं असहायों की सेवा से मोक्ष की प्राप्ति संभव है। पंडित पवन शास्त्री ने भक्ति ज्ञान एवं कर्म योग की महिमा का वर्णन करते हुए कर्म की श्रेष्ठता के बारे में बताया। ऐसे अनेक रसमई प्रसंगों का वर्णन कथा के माध्यम से किया जा रहा है, जिसे सुनने के लिए भक्तों की अपार भीड़ उमड़ रही है।

### मुख्य यजमान और समिति का सहयोग

आयोजित धार्मिक कार्यक्रम सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति, बबलिया माल के सहयोग से सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। कथा में रूप सिंह पंद्राम, ओमकार यादव, गंगाराम पंद्रम, रेवा पंदराम, शिवराम कुलस्ते, संगत से पंद्राम, विनोद यादव, महेश यादव, शिवराम यादव, प्रदीप यादव, रतीराम नरेटी, महिलाल मरावी, जीराबाई नरेटी, शुक्ला मरावी, शरद यादव और महेश यादव मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य शिविर में 3304 हितग्राहियों को मिली स्वास्थ्य सेवाएं

## कैबिनेट मंत्री संपतिया ऊईके ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनी बंजर को शव वाहन देने की घोषणा




**मंडला 25 सितंबर नभाप्र.** स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत सीएचसी बम्हनी बंजर में महिला स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए पूरे परिवार को सशक्त बनाने विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री संपतिया ऊईके उपस्थित रही। इसके साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, मंडल अध्यक्ष सूर्यकांत जंघेला, नगर परिषद अध्यक्ष मीना हरदहा, वरिष्ठ संयुक्त संचालक डॉ. केसी सरोते, नगरपरिषद बम्हनी के समस्त पार्षद गण और गणमान्य नागरिक, सीएमएचओ मंडला, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, परियोजना अधिकारी, विकासखंड चिकित्सा अधिकारी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 3304 हितग्राहियों को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर में विभिन्न जांचे भी की गई। बताया गया कि शिविर में 190 गर्भवती महिलाओं की जांच, 243 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, इसके साथ ही अन्य आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रदान की गई। आयोजित स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनी बंजर के लिए एक बड़ी घोषणा करते हुए शव वाहन देने की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने मिशन नेत्र ज्योति के अंतर्गत हितग्राहियों को चश्मा भी वितरित किया। स्वास्थ्य सेवाओं को सर्वसुलभ बनाने की दिशा में उन्होंने आयुष्मान कार्ड एवं सिकल सेल कार्ड का वितरण भी किया, जिससे जरूरतमंद लोगों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिल सकेगी।

पहल

नारायणगंज ब्लाक के सभी विद्यालयों का बनेगा रिपोर्ट कार्ड, गुणवत्ता सुधारने बीईओ, बीआरसी ने संकुल स्तरीय बैठक में दिए निर्देश

# शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने नारायणगंज ब्लॉक में शुरू हुई नई पहल

**नारायणगंज 25 सितंबर नभाप्र.** नारायणगंज विकासखंड में अब सभी प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों का रिपोर्ट कार्ड बनाया जाएगा। विकासखंड शिक्षा अधिकारी डीके सिंगौर और बीआरसी कमलेश भवेदी की उपस्थिति में संकुल केंद्र बबलिया में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालयों की भौतिक अधोसंरचना, पठन-पाठन की गुणवत्ता और विद्यालय के वातावरण को बेहतर बनाने के लिए 10 बिंदुओं पर आधारित रिपोर्ट कार्ड तैयार करने का फैसला लिया गया। बैठक में 10 बिंदुओं में भवन में रंग-रोगन, साज-सज्जा, परिसर की स्वच्छता, विद्यार्थियों की व्यक्तिगत स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था, टीएलएम का उपयोग, विद्यार्थियों का एकेडमिक स्तर और जनभागीदारी शामिल हैं। इन मापदंडों के आधार पर विद्यालयों की ग्रेडिंग की जाएगी। इस कार्य में जनशिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।



बताया गया कि प्रत्येक जनशिक्षक को तीन माह के लिए विद्यालय आवंटित किए जाएंगे। विद्यालयों की ग्रेडिंग की सटीकता सुनिश्चित करने के लिए संकुल प्राचार्य, बीएसी, बीआरसी और बीईओ द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि ग्रेडिंग के बाद विद्यालयों को 15 दिनों के भीतर अपनी ग्रेड में सुधार करना होगा। प्रतिमाह ग्रेडिंग सुधार की समीक्षा होगी, और तीन महीने बाद जनशिक्षकों को आवंटित शालाएं आपस में बदल दी जाएंगी।

बताया गया कि विगत दिवस नारायणगंज में हुई समीक्षा बैठक में सांसद और विधायक ने प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं के भवन रखरखाव और पठन-पाठन पर चिंता व्यक्त की थी। इसके साथ ही बैठक में संकुल स्तरीय और विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन का भी निर्णय लिया गया। विद्यालय प्रमुखों को निर्देश दिए गए कि वे अपने विद्यालयों में पर्याप्त खेल सामग्री खरीदें और नियमित रूप से खेल गतिविधियां संचालित करें। सभी को प्राप्त बजट का समय पर और सही उपयोग करने के लिए भी कहा गया।

### संकुल स्तरीय होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

बैठक में शिक्षक-कर्मचारियों की समस्याओं के त्वरित समाधान पर भी जोर दिया गया। इसके साथ ही किसी कर्मचारी को एक ही समस्या के लिए बार-बार परेशान न होना पड़े, इसके लिए बीईओ और संकुल केंद्र के आगमन रजिस्टर का अवलोकन किया जाएगा।



बताया गया कि गांधी जयंती के दिन दशहरा होने के कारण अक्टूबर के पहले सप्ताह में संकुल केंद्र बबलिया में एक संकुल स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। अन्य संकुलों में भी शीघ्र ही इसी तरह की बैठकें आयोजित की जाएंगी।